# मध्यप्रदेश शासन
# स्कूल शिक्षा विभाग
# महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान

R–24 जोन – 1 एम.पी. नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल – 462003
फोन नं.–0755–2578214, 2570215, 2578200
ई–मेल : maharshipatanjali2014@gmail.com वेबसाइट : www.mpssbhopal.org

## विज्ञापन

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल निम्नानुसार रोजगारोन्मुखी एक वर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम शिक्षा सत्र् 2021–22 से आरंभ कर रहा है, जिसमें प्रवेश के इच्छुक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैंः–

### विवरण

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | प्रकार | अवधि | प्रवेश हेतु उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन एप्लाइड योग साइंस | डिप्लोमा (पत्रोपाधि) | 1 वर्ष | 403 |

स्थल– डिप्लोमा पाठ्यक्रम शासकीय योग प्रशिक्षण केंद्र डी–103/3 शिवाजी नगर, भोपाल से ऑनलाइन संचालित किए जाएंगे।

डिप्लोमा (पत्रोपाधि) महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा जारी किया जावेगा।

प्रवेश हेतु पात्रता– क) हाईस्कूल परीक्षा/हायर सेकेंडरी पुराना पाठ्यक्रम या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।
ख) मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो।
ग) अधिकतम आयु 1 अक्टूबर 2021 को 25 वर्ष से अधिक ना हो।
घ) शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।

पाठ्यक्रम– महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल की विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित एक वर्षीय पाठ्यक्रम लागू होगा, जिसमें योग, प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म (आयुर्वेद) चिकित्सा, आहार विज्ञान, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, मसाज थैरेपी, वृद्धों की देखभाल, शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान जैसे विषयों को सम्मिलित किया गया है।

प्रवेश हेतु सीटों का निर्धारण– मध्यप्रदेश के 313 विकासखंडों में से एक–एक आवेदक को तथा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, सागर एवं उज्जैन महानगरों से 10–10 अतिरिक्त आवेदकों को प्रवेश दिया जाएगा, कुल 403 स्थान प्रवेश हेतु उपलब्ध रहेंगे।

शुल्क– डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुल्क निम्नानुसार होगा, जो दो किश्तों मे देय होगाः–

| क्र. | शुल्क विवरण | राशि | शुल्क जमा करने की तिथि एवं राशि | शुल्क जमा करने की प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश शुल्क | 2,500/– | प्रवेश के समय दिनांक 05.10.21 से 12.10.21 तक रू.14,500/– | एम.पी.ऑनलाइन पर |
| | शिक्षण शुल्क | 12,000/– | | |
| | पुस्तकालय शुल्क | 1,000/– | सम्पर्क कक्षाओं के समय रू. 4,500/– | बैंक ड्राफ्ट द्वारा |
| | प्रायोगिक परीक्षा+सैद्धांतिक परीक्षा | 2,000/– | | |
| | डिप्लोमा+कॉशनमनी | 1,500/– | | |
| | **योगः–** | **19,000/–** | | |

आवेदन करने की प्रक्रिया– डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु इच्छुक आवेदक एम.पी.ऑनलाइन के कियोस्क पर जाकर रु. 500/– तथा पोर्टल शुल्क देकर ऑनलाइन आवेदन 30.09.2021 तक कर सकेंगे। निर्धारित आवेदन पत्र के साथ आवेदक को अपनी शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंक सूची, स्वयं का कलर फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड स्कैन कराना होगा। अपूर्ण आवेदन तथा वांछित अभिलेखों के अभाव में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जावेगा तथा आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जावेगा।

प्रवेश नीति– प्रवेश विकासखण्डवार एवं महानगरवार मेरिट सूची के आधार पर होगा, मेरिट सूची में चयन आर्हताधारी परीक्षा (दसवीं/पुराना पाठ्यक्रम 11वीं) में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। मेरिट सूची दिनांक 01.10.2021 को जारी की जावेगी।

ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया– एम.पी.ऑनलाइन पर सफलतापूर्वक आवेदन करने के बाद तथा मेरिट सूची में नाम आने पर जनरेट की हुई पावती के साथ दिनांक 05.10.2021 तक समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छाया प्रति के एक सेट के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के संस्कृत प्रकोष्ठ एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकरी कार्यालय में सत्यापन कराना होगा तथा प्रमाणीकरण की पावती प्राप्त करनी होगी। सत्यापन प्रक्रिया में अनुपस्थित अभ्यार्थी प्रवेश हेतु पात्र नहीं होंगे। मेरिट सूची में नाम आने एवं सत्यापन होने के बाद दिनांक 12.10.2021 तक शुल्क रु. 14,500/– एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से जमा करना होगा।

स्थान रिक्त रहने पर प्रतीक्षा सूची दिनांक 16.10.2021 को जारी की जाएगी, जो एम.पी.ऑनलाइन तथा संस्थान की वेबसाइट www.mpsbhopal.org पर उपलब्ध होगी। दिनांक 15.11.2021 से डिप्लोमा पाठ्यक्रम की आनलाइन कक्षाएं प्रारंभ होंगी।

अन्य सूचनाएं– प्रवेशित अभ्यार्थियों को भोपाल में संपर्क कक्षाओं के दौरान आवास, भोजन तथा अन्य व्यवस्थाएं स्वयं करना होंगी। नियमों/प्रक्रियाओं के उपरांत महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल स्वच्छ तथा पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु किसी उपबंध/नियम/प्रक्रिया को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस प्रकार किया गया कोई भी उपांतरण आबद्धकर होगा।

निदेशक
महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान
भोपाल